जे0पी0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्रागंण में जना स्मॉल फाइनंस बैंक द्वारा निःशुल्क हेल्थ चेकअप करवाया गया।

आज दिनांक 06.02.2025 को जे0पी0 ग्रुप के प्रागंण में जना स्मॉल फाइनंस बैंक की ओर से डॉ0 धन्नजय कुमार, डॉ0 राहुल कुमार, डॉ0 सेहान्शु कुमार के द्वारा निःशुल्क हेल्थ चेकअप कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया जिसमें सभी ग्रुप के शिक्षक व कर्मचारी तथा छात्र–छात्राओं को निःशुल्क हेल्थ चेकअप किया गया।

इस अवसर पर कैम्प का शुभारम्भ करते हुए संस्थान के सचिव श्री शैलेश कुमार ने कहा कि हमारे संस्थान में जना स्मॉल फाइनंस बैंक की ओर से निःशुल्क हेल्थ चेकअप करवाया गया, जिसमें सभी बच्चों की जाँच गई और आवश्यकतानुसार उन्हें उचित परामर्श दिया गया।

ज्ञातव्य हो कि जे0 पी0 ग्रुप हमेशा इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करता रहा है, जिसमें न केवल हमारे बच्चे बल्कि आस–पास के गाँवों के लोग भी लाभान्वित होते हैं।